जेंडर इंटेंशनल

पुरुष सहभागिता

श्रृंखला संस्करण- 2.0

इस उच्च प्रभाव दृष्टिकोण का उपयोग क्यों करें?

जेंडर इन्टेन्शनल और पुरुष सहभागिता गतिविधियों के ज़रिए साझा निर्णय लेने को बढ़ावा देना जिससे सभी आधुनिक गर्भनिरोधक तरीकों के उपयोग में वृद्धि हो

जेंडर इंटेंशनल और पुरुष सहभागिता वाली रणनीतियाँ साझा निर्णय लेने को बढ़ावा देती हैंए जिससे आधुनिक गर्भनिरोधक विधियोंए विशेष रूप से बिना चीरे वाली नसबंदी (एन0एस0वी) के उपयोग में वृद्धि होती हैं।

पहला चरण

स्वास्थ्य कर्मचारियों और सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की क्षमता बढ़ाने के लिए जेंडर संवेदनशील प्रशिक्षकों की पहचान करें

प्रशिक्षण में जेंडर संबंधी पूर्वाग्रहों को दूर करने, जेंडर इनक्लूसिव भाषा को बढ़ावा देने और पुरुषों की परिवार नियोजन, मातृ और शिशु देखभाल में भागीदारी को प्रोत्साहित करना शामिल होना चाहिए। इसके अलावा, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को 'एन0एस0वी अपनाने वाले संतुष्ट पुरुषों' की बैठकों और 'जेंडर चैंपियनों' की पहचान जैसी पहलों पर प्रशिक्षित किया जाना चाहिए ताकि मिथकों को दूर कर समुदाय को प्रेरित किया जा सके और परिवार नियोजन प्रयासों को समर्थन मिले।



दूसरा चरण

प्रदाताओं को एन0एस0वी तकनीक पर प्रशिक्षित करें

प्रदाताओं के लिए एन0एस0वी विधि पर प्रशिक्षण आयोजित करें जिसमें हैंड्स-ऑन अभ्यास शामिल हो। उन्हें पुरुषों के लिए स्वागतपूर्ण वातावरण बनाने के लिए संवेदनशील बनाएं। सीमित एन0एस0वी मामलों के कारण प्रदाताओं को इस प्रक्रिया का अभ्यास करने के अवसर कम मिलते हैं, इसलिए हर साल रिफ्रेशर-ट्रेनिंग आयोजित करें। भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार, जहाँ सर्जन तैनात हैं, उन केन्द्रो पर एन0एस0वी किट की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

तीसरा चरण

एक समर्पित मेल एंगेजमेंट टीम बनाएं

मेल एंगेजमेंट के लिए एक समर्पित टीम बनाएं, जिसमें ऐसे पुरुष और महिलाएं शामिल हों जो पुरुष परिवार नियोजन तरीकों पर चर्चा करने में सहज हों। यह टीम पुरुषों तक पहुंचकर उन्हें जोड़ने के लिए विभिन्न हस्तक्षेप, जैसे कार्यस्थल बैठकों, रिक्शा चालकों के लिए हस्तक्षेप, उन स्थानों पर जहाँ वे एकत्र होते हैं, जैसे- चौराहा और झुग्गी बस्तियों में शाम की सामुदायिक बैठकों के माध्यम से मांग पैदा करें।



चौथा चरण

क्लिनिक में परामर्श और एन0एस0वी के लिए फिक्स्ड डे स्टैटिक सेवा सुनिश्चित करें

पुरुषों को परिवार नियोजन के विकल्पों पर परामर्श देने के लिए पुरुष और महिला स्टाफ नर्सों की एक समर्पित टीम बनाएं। पुरुष नसबंदी सेवाएं प्रदान करने वाले स्वास्थ्य केंद्रों में हर महीने एन0एस0वी सेवाएं देने के लिए एक विशेष दिन निर्धारित करें।

पांचवां चरण

किशोरों और युवाओं को यौन और प्रजनन स्वास्थ्य (एस0आर0एच) मुद्दों पर जागरूक करें

शिक्षा विभाग और एम0ओ0आई0सी के सहयोग से स्कूलों में एस0आर0एच और जेंडर संवेदनशीलता पर कार्यशालाएं किशोरों और किशोरियों के लिए आयोजित करें। यू0पी0एच0सी को एडोलसेंट फ्रेंडली स्वास्थ्य केंद्र के रूप में स्थापित करें और यू0पी0एच0सी में किशोर स्वास्थ्य दिवस आयोजित करें ताकि उन्हें एस0आर0एच परामर्श और सेवाएं प्रदान की जा सकें।

छठा चरण

परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के लिए मीडिया चैनलों का उपयोग करें

मास मीडिया के ज़रिए पति पत्नी के बीच संवाद और पुरुष गर्भनिरोधक तरीकों को बढ़ावा दे। आशा योग्य दम्पतियों के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बना कर पुरुषों की भागीदारी पर वीडियो और संदेश साझा करें। आशा और ए0एन0एम के व्हाट्सएप ग्रुप उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को याद दिलाते रहें ताकि पुरुषों की भागीदारी को बढ़ाया जा सके।

अधकि जानकारी के लयि देखें:
https://tciurbanhealth.org/courses/india-demand-generation/lessons/male-engagement/